Corning Incorporated इंटरनेट डाटा सुरक्षा नोटिस

Corning Incorporated (“Corning,” “हम,” “हम को,” “हमारे”) आपके डाटा की ऑनलाइन सुरक्षा की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। Corning की वेबसाइटों के आपके उपयोग के दौरान आपके व्यक्तिगत डाटा को किस तरह से संसाधित किया जाएगा, इसे नीचे वर्णित किया गया है।

आपके द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला समस्त व्यक्तिगत डाटा Corning Incorporated के द्वारा संकलित किया जाता है और आपके निवास के देश (संग्रह प्रपत्र में आपने जो प्रदान किया होता है उसके अनुसार) में स्थित एक या अधिक स्थानीय Corning कंपनी (कंपनियों) के साथ साझा किया जा सकता है। Corning Incorporated और संगत Corning कंपनी (कंपनियां) (इसके आगे, सामूहिक रूप से “Corning” के रूप में उल्लेख किया गया है) Corning की वेबसाइटों के आपके उपयोग के जरिए संकलित किए गए आपके व्यक्तिगत डाटा के संदर्भ में संयुक्त डाटा नियंत्रकों के रूप में काम कर रहे हैं। समस्त संगत Corning कंपनियों के नामों एवं संपर्क विवरणों को देखने के लिए कृपया निम्नलिखित लिंक पर क्लिक करें

http://www.corning.com/media/worldwide/global/documents/datacontrollers.pdf

Corning ने Corning समूह के भीतर हस्तांतरित किए जाने पर यह सुनिश्चित करने के लिए कि व्यक्तिगत डाटा सुरक्षित है, सुरक्षा के उपायों को स्थापित करने के लिए **बंधनकारी कार्पोरेट नियमों** (“BCRs”) के सम्मुचय को क्रियान्वित किया है। Corning European Economic Area (EEA) की कंपनियों से पूरे विश्वभर में गैर-ईईए देशों में स्थित दूसरी Corning कंपनियों को किए गए व्यक्तिगत डाटा हस्तांतरणों के लिए BCR का क्रियान्वयन सुरक्षा का समुचित स्तर प्रदान करता है क्योंकि उन्हें General Data Protection Regulation (“GDPR”) [1] की आवश्यकताओं के अनुपालन में तैयार किया गया है। जर्मन राज्य हेसेन और पोलैंड के निरीक्षणात्मक प्राधिकरणों के पास से अतिरिक्त इनपुट के साथ Corning की BCR की मंजूरी का नेतृत्व फ्रांसीसी निरीक्षणात्मक प्राधिकरण CNIL के द्वारा किया गया।

समय-समय पर हम अपने व्यवसाय में परिवर्तनों को प्रतिबिंबित करने के लिए या आपकी बेहतर ढंग से सेवा करने के लिए इस नोटिस में परिवर्तन कर सकते हैं। Corning इस नोटिस में इस तरह के किन्हीं परिवर्तनों को प्रकाशित करने, जैसे कि इस वेबसाइट पर पोस्ट करने के लिए तर्कसंगत प्रयास करेगा। किन्हीं परिवर्तनों के बारे में अवगत बने रहने के लिए आपको समय-समय पर इस नोटिस की समीक्षा

[1] व्यक्तिगत डाटा के संसाधन और इस प्रकार के डाटा, (General Data Protection Regulation) के मुक्त आवागमन और निदेशक 95/46/EC के निरसन के संबंध में प्राकृतिक व्यक्तियों की सुरक्षा पर 27 अप्रैल 2016 के यूरोपीय संसद के और परिषद के विनियम (ईयू) 2016/679;

© 2018 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

करनी चाहिए। कृपया नीचे नोटिस की तारीख को ध्यान में रख लें ताकि आपको पता हो कि उसे अंतिम बार कब अपडेट किया गया है।

Corning निम्नलिखित मूलभूत सिद्धांतों के जरिए Corning.com और संबंधित Corning वेबसाइटों पर आपके डाटा की सुरक्षा की रक्षा करता है:

i. **<u>व्यक्तिगत डाटा का संकलन और उपयोग</u>**

जब Corning आप या आपकी ऑनलाइन वरीयताओं और प्रत्याशाओं के बारे में इस वेबसाइट के जरिए जानकारी एकत्र कर रही होगी तो आपको बताया जाएगा और यह स्पष्ट कर दिया जाएगा कि जानकारी का किस प्रकार से उपयोग किया जाना है।

हमारे वेब सर्वर ईमेल पतों को एकत्र नहीं करते, जब तक आप हमें उसे न मुहैया कराएं। तथापि, हम आईपी पते और डोमेन नाम की तरह की सामान्यीकृत जानकारी को एकत्रित करते हैं, जहाँ से कनेक्शन शुरू होते हैं। कुल मिलाकर इस जानकारी का उपयोग देखे गए पन्नों, साइट पर बिताए गए समय की मात्रा, विजिटों की संख्या और इसी तरह की जानकारी को मापने के लिए किया जाता है। हम इस वेबसाइट की सामग्रियों को बेहतर बनाने में अपने वैध उद्देश्य के अनुपालन में इस जानकारी का उपयोग करते हैं।

इसके अतिरिक्त, इस वेबसाइट को बेहतर बनाने में अपने वैध हित के आधार पर हम आपकी विजिट के रिकार्ड को बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रकार की “कुकियों” का उपयोग करते हैं। Corning द्वारा उपयोग में लाई गई कुकियों के प्रकारों और उनके उपयोग को सीमित करने के लिए अपने विकल्पों के बारे में अधिक जानकारी के लिए कृपया Corning की कुकियों की नीति की **यहाँ क्लिक** करके समीक्षा कीजिए।
बेहद जरूरी कुकियों के जरिए एकत्र की गई जानकारी को छोड़कर (जैसा कि Corning की **कुकियों की नीति** में वर्णित किया गया है), आप इसका चुनाव करने में समर्थ होंगे कि क्या आप इस जानकारी को प्रदान करना चाहते हैं या नहीं। उदाहरण के लिए, कुकियों के जरिए एकत्र की गई कुछ जानकारी का उपयोग विपणन उद्देश्यों के लिए या वेबसाइट यातायात का पता लगाने और सूचित करने के लिए किया जा सकता है। अगर आप कतिपय जानकारी को नहीं देने का चुनाव करते हैं तो कृपया अवगत हो लें कि हो सकता है कि Corning के साथ अपनी चुनी गई व्यावसायिक गतिविधि के साथ आगे बढ़ना आपके लिए संभव न हो।

© 2018 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

जब आप हमें नामों, पतों, फोन नंबरों, ईमेल पतों आदि की तरह की जानकारी प्रदान करते हैं तो हम उनका उपयोग केवल आपके प्रश्नों का उत्तर देने के लिए करेंगे (उदाहरण के लिए वेबसाइट के संपर्क प्रपत्र के माध्यम से प्रदान की गई) और उपयोगकर्ता के स्थापित ऑनलाइन खातों का प्रबंध करता है, आपके साथ अपने रिश्ते को बनाने और बेहतर बनाने में हमारे वैध हित के आधार पर, आवश्यक होने पर आपकी तरफ से सहमति होने पर Corning की विशिष्ट विपणन गतिविधियों, आयोजनों या सेवाओं के लिए

Corning शरारती ईमेलों का पता लगाने एवं बाधित करने के अपने वैध हित के आधार पर विजिटरों के द्वारा भेजे गए इलेक्ट्रॉनिक संप्रेषणों को बनाए रखने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस उद्देश्य के लिए, Corning ईमेल को अग्रेषित करने के लिए और ईमेल लेनदेनों को लॉग करने के लिए विशिष्ट प्रौद्योगिकी का उपयोग करता है। ईमेल लेनदेनों के लॉग्स में शामिल हैः ईमेल को भेजने के लिए प्रयुक्त डिवाइस का नाम और आईपी पता; संदेश के प्रारंभक का ईमेल पता; और प्राप्तकर्ता का Corning पता

ii. <u>प्रकटीकरण</u>

Corning की अपनी स्वयं की विपणन गतिविधियाँ या साइट के समर्थन के उद्देश्य से Corning की सहयोगी कंपनियों या सेवा प्रदाताओं के अपवाद के साथ, आपके बारे में एकत्र की गई किसी भी जानकारी को निरापद रखा जाएगा और तीसरे पक्षों के साथ साझा नहीं किया जाएगा, जब तक कि आपने जानकारी को साझा किए जाने के लिए पहले से अनुमति प्रदान न की हो। तथापि, कोर्ट के आदेशों, सम्मनों, सरकारी या विधि प्रवर्तन अनुरोधों का अनुपालन करने के क्रम में या ऐसे तीसरे पक्ष पर Corning को उस डाटा को प्रकट करना पड़ सकता है, जिसे वह आवश्यक समझती है, जिसे अधिग्रहण, विलय, आस्तियों की बिक्री आदि के माध्यम से Corning या Corning की सहयोगी कंपनी का मालिकाना हस्तांतरित किया जाता है।

Corning उस जानकारी को हस्तांतरित करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखती है जिसे आप दूसरे देशों को प्रदान करते हैं, जिससे Corning की सहायक कंपनियों या सेवा प्रदाताओं के साथ इस प्रकार की जानकारी को साझा किया जा सके। हम अनधिकृत या अनुपयुक्त पहुँच से आपके व्यक्तिगत डाटा की रक्षा करने के लिए तर्कसंगत तरीके से लक्षित रक्षा-कवचों को बनाए रखते हैं।

जहाँ पर व्यक्तिगत डाटा का संसाधन यूरोपीय संघ से बाहर डाटा के हस्तांतरण से जुड़ा होता है, Corning सुनिश्चित करती है कि हस्तांतरण जीडीपीआर का अनुपालन करते हुए क्रियान्वित किए जाएं। गैर यूरोपीय संघ स्थित Corning की कंपनियों को व्यक्तिगत डाटा के हस्तांतरण समूह के बंधनकारी कार्पोरेट नियमों के द्वारा बीमांकित हैं, जबकि यूरोपीय संघ के बाहर तीसरे पक्ष के प्रदाताओं को हस्तांतरण उपयुक्त संविदात्मक रक्षाकवचों, जैसे कि ईयू आयोग की मानक संविदात्मक धाराएं, जहाँ

© 2018 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

लागू हो अमेरिका को हस्तांतरणों के लिए गोपनीयता शील्ड प्रमाणन या संसाधनकर्ताओं के लिए BCR के जरिए उपयुक्त संविदात्मक रक्षा-कवचों के जरिए निरापद हैं। आप जैसा कि नीचे “हमसे संपर्क करें” खंड में दिया गया है, Corning के गोपनीयता अधिकारी से संपर्क करके इस प्रकार के दस्तावेजों की प्रति का अनुरोध कर सकते हैं और प्राप्त कर सकते हैं।

iii. <u>प्रतिधारण</u>

Corning के द्वारा संसाधित आपका व्यक्तिगत डाटा ऐसे स्वरूप में रखा गया है, जो आपकी पहचान को उन उद्देश्यों के लिए आवश्यक समय से अधिक समय तक अनुमति प्रदान करता है, जिनके लिए व्यक्तिगत डाटा को संसाधित किया जाता है। आपके डाटा की डाटा प्रतिधारण अवधि का निर्धारण करने के लिए हम निम्नलिखित मानदंड का उपयोग करते हैं:

- जहाँ पर आप खाता बनाते हैं, स्थानीय कानून और मार्गदर्शन के अनुरूप परिभाषित निष्क्रियता की अवधि के बाद हम आपके व्यक्तिगत डाटा को बनाए रखते हैं, जब तक कि आप हमारे लिए इसे पहले हटा देने को आवश्यक न बना देते हों;
- जब आप पूछताछ के लिए हमसे संपर्क करते हैं, हम आपकी पूछताछ के संसाधन के लिए जरूरी अवधि के लिए आपके व्यक्तिगत डाटा को बनाए रखते हैं;
- जबकि आपने प्रत्यक्ष विपणन के लिए अनुमति प्रदान की हो, हम प्रत्यक्ष विपणन के लिए प्रयुक्त आपके व्यक्तिगत डाटा को बनाए रखते हैं जब तक कि आप ग्राहकी खत्म नहीं कर देते हैं या हमारे लिए इसे हटा देने को आवश्यक नहीं बना देते हैं या स्थानीय विनियमों और मार्गदर्शन के अनुरूप परिभाषित निष्क्रियता की अवधि के बाद (ब्रांडों के साथ कोई सक्रिय बातचीत नहीं)। ऐसी स्थिति में, हम केवल उसी जानकारी को बनाए रखेंगे जो स्थानीय विनियमों और मार्गदर्शन के अनुसार आपत्ति करने के आपके अधिकार का प्रबंध करने के लिए आवश्यक है और अगर आप क्लाइंट हैं तो हम आपके व्यक्तिगत डाटा को बनाए रख सकते हैं लेकिन केवल क्वाइंट प्रबंधन के लिए
- जब आपके कंप्यूटर पर कुकियाँ रखी गई होती हैं तो हम स्थानीय विनियमों और मार्गदर्शन के अनुसार परिभाषित अवधि के लिए हम इसे बनाए रखते हैं।

iv. <u>आपके अधिकार</u>

© 2018 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

आपको उस व्यक्तिगत डाटा तक पहुँच प्राप्त करने की अनुमति है, जिसकी Corning संसाधित करते हैं और जहाँ यह त्रुटिपूर्ण हो, वहाँ आप उसे त्रुटि सुधार करने, संशोधित करने, या सूचना को मिटाने का यथोचित अनुरोध कर सकते/सकती हैं।

उस दशा में जबकि आप हमारे डाटाबेस से अपने व्यक्तिगत डाटा को हटाने या पूरी तरह से गुमनाम बनाने का चुनाव करते हैं, हम उन रिकार्डों के साथ-साथ आपके मिटाव अनुरोध के रिकार्ड को बनाए रख सकते हैं जो इस इंटरनेट सुरक्षा नोटिस के हमारे अनुपालन के साक्ष्य के रूप में हटाई गई जानकारी के प्रकार को इंगित करते हैं।

इसके अलावा आप अपने व्यक्तिगत डाटा की वहनीयता को प्राप्त करने के अपने अधिकारों का भी प्रयोग कर सकते हैं या अपने व्यक्तिगत डाटा के संसाधन पर पाबंदी लगाने का अनुरोध कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, जब कभी Corning अपने वैध हित के आधार पर आपके व्यक्तिगत डाटा को संसाधित करती है, आप किसी भी समय अपनी स्थिति विशेष से संबंधित वैध आधारों पर इस प्रकार के संसाधन का विरोध कर सकते हैं।

इसके अतिरिक्त, आप किसी भी समय ग्राहकी खत्म कर सकते हैं या हमारे प्रत्यक्ष विपणन संप्रेषण से बाहर आ सकते हैं। हमारे द्वारा भेजे जाने वाले किसी भी विपणन से जुड़े ईमेल या संप्रेषण में "ग्राहकी खत्म करें" लिंक पर क्लिक करके इस काम को करना आसान है। अन्यथा, आप नीचे दिए गए संपर्क विवरण पर हमसे संपर्क कर सकते हैं।

Corning "जाली ईमेल भेजने" (प्रचारपरक अयोचित ईमेल भेजना) का समर्थन नहीं करती और न ही "जाली ईमेल भेजने" के व्यवहार में शामिल होती है। अगर आपको लगता है कि आपने Corning के पास से इस प्रकार का संदेश प्राप्त किया है तो कृपया privacy@corning.com से संपर्क करें।

ऊपर उल्लिखित अनुरोधों में से किसी भी अनुरोध को प्रस्तुत करने के लिए, कृपया हमसे privacy@corning.com पर या नीचे दिए गए डाक पते पर संपर्क करें। अपने व्यक्तिगत डाटा में किसी परिवर्तन या हमारे डाटाबेस से आपकी जानकारी को हटाने के अनुरोध की बाबत अपने नाम एवं स्पष्ट निर्देशों को शामिल करना सुनिश्चित करें और Corning आपके संदेश का उत्तर देगी। उस दशा में जबकि हम आपके अनुरोध को पूरा करने में अक्षम हों, हम समुचित समय में संगत स्पष्टीकरण प्रदन करेंगे।

इसके अलावा उस दशा में आपके पास निरीक्षणात्मक प्राधिकरण के पास शिकायत दर्ज कराने का भी अधिकार है, जबकि आपको संदेह हो कि Corning डाटा सुरक्षा के लागू नियमों का अनुपालन नहीं कर रही है। इसके अतिरिक्त, आप Corning के BCRs में (और विशेष रूप से, अनुच्छेद 5.1, 5.4, 6.3, 6.4

© 2018 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

और परिशिष्ट 2 में) डाटा सुरक्षा सिद्धांतों को देख सकते हैं, जिसके लिए Corning विषय है और यह कि आपके पास तीसरे पक्ष के लाभार्थी के रूप में क्रियान्वित करने का अधिकार है। वाकई, अगर आप अपने व्यक्तिगत डाटा के संसाधन से जुड़ी किसी क्षति का शिकार बनते हैं तो आपके पास भरपाई पाने एवं जहाँ उपयुक्त हो, क्षतिपूर्ति पाने का हक है, जैसा कि सक्षम अदालत या निरीक्षणात्मक प्राधिकरण के द्वारा आदेश दिया जा सकता है या जैसा कि उपयोग में लाए जाने पर Corning के आंतरिक शिकायत तंत्र के अनुसार निर्णीत किया गया हो।

v. बच्चों का व्यक्तिगत डाटा

Corning का इरादा बच्चे के माता-पिता या कानूनी अभिभावक की सहमति के बिना 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों की जानकारी जुटाने का नहीं है। 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को अपने माता-पिता या कानूनी अभिभावक की पूर्व अनुमति के साथ ही Corning के पास जानकारी प्रस्तुत करना चाहिए। अगर आपके बच्चे ने Corning के पास व्यक्तिगत डाटा को प्रस्तुत कर दिया है और आप अनुरोध करना चाहते हैं कि इस तरह की जानकारी को हटा दिया जाए, तो कृपया हमसे संपर्क करें जैसा कि नीचे प्रदान किया गया है और हम यह सुनिश्चित करने के लिए तर्कसंगत प्रयास करेंगे कि इस तरह की जानकारी हटा दी जाए।

Corning की वेबसाइटों के अंतरराष्ट्रीय विजिटरों को अवगत होना चाहिए कि व्यक्तिगत डाटा अमेरिका या विश्व भर में अन्य जगहों पर कंप्यूटरों में हस्तांतरित किया जा सकता है ताकि आपके अनुरोध को पूरा किया जा सके।

vi. आपके व्यक्तिगत डाटा पर लागू सुरक्षा के उपाय

Corning जोखिम के लिए उपयुक्त व्यक्तिगत डाटा हेतु सुरक्षा के स्तर को सुनिश्चित करने के लिए समस्त उपयुक्त तकनीकी और सांगठनिक चीजों को क्रियान्वित करती है, और विशेष रूप से, सांयोगिक या गैरकानूनी विनाश, हानि, फेरबदल, अनधिकृत प्रकटीकरण या उस तक पहुँच के विरुद्ध व्यक्तिगत डाटा की सुरक्षा करती है। सुरक्षा का समान स्तर संविदात्मक रूप से Corning द्वारा हमारे सेवा प्रदाताओं पर लागू किया गया है।

vii. विविध

© 2018 Corning Incorporated. All Rights Reserved.

Corning की वेबसाइटें दूसरी साइटों की ऐसी कड़ियों से युक्त हो सकती हैं जो Corning के डोमेन नाम के तहत न हों या जिनका मालिकाना Corning के पास न हो। इन कड़ियों को सुविधा के रूप में ही आपको प्रदान किया जाता है। हम गैर Corning वेबसाइटों द्वारा काम में लाई गई सामग्री, सुरक्षा या डाटा सुरक्षा परिपाटियों के लिए जिम्मेदार नहीं हैं। Corning इन दूसरी वेबसाइटों वर्णित उत्पादों या सेवाओं का समर्थन, पुष्टि या गारंटी नहीं करता।

ऐसा गैर-व्यक्तिगत डाटा जिसकी आप Corning को Corning की वेबसाइटों के जरिए आपूर्ति कर सकते हैं, मालिकाना रूप में या गोपनीय के रूप में नहीं लिया जाएगा और Corning प्रकटीकरण से इस प्रकार की जानकारी की रक्षा करने का कोई दायित्व अपने ऊपर नहीं लेती। इसके अलावा, Corning को इस तरह की जानकारी की प्रस्तुति Corning के द्वारा किसी भी उद्देश्य के लिए, फिर वह चाहे जो हो, समान प्रकार के उत्पादों, सेवाओं, योजनाओं और अवधारणाओं की खरीद, विनिर्माण या उपयोग को सीमित नहीं करेगी और Corning दूसरे लोगों को बिना प्रतिबंध के जानकारी को फिर से प्रस्तुत करने, उपयोग करने, प्रकट करने और वितरित करने के लिए स्वतंत्र होगी।

viii. हमसे संपर्क करें

अगर आप अपने अधिकारों को क्रियान्वित करना चाहते हैं या अगर इस गोपनीयता नोटिस के बारे में आपको कुछ पूछना है या टिप्पणी करनी है तो कृपया हमसे संपर्क करें:

Global Data Privacy Office
One Riverfront Plaza,
MP-HQ-W1-Z12
Corning, NY 14831
(607) 974-9000
privacy@corning.com

© 2018 Corning Incorporated. All Rights Reserved.